दिनांक : 10.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने लाओस में भारत–आशियान सम्मेलन को किया संबोधित।
- संपदा–2.0 के ई–पंजीयन एवं ई–स्टॉम्पिंग का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में गुड़ी पड़वा का पर्व सृष्टि आरंभ दिवस के रूप में मनाया जायेगा।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रदेश में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

## प्रधानमंत्री-लाओस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने आसियान देशों के साथ संबंधों को नई ऊर्जा, गति और दिशा दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 21वीं सदी भारत और आसियान देशों की होगी।लाओं की राजधानी वियंनचन में भारत-असियान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान देश शांति पसंद राष्ट्र हैं, और यह एक दूसरे की अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया के कई भागों में मतभेद और तनाव है, ऐसे में भारत और आसियान में मित्रता, सहयोग, संवाद और साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

## संपदा 2.0

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजीयन विभाग की नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग का आज शुभारंभ किया। इस सॉफ्टवेयर द्वारा सम्पत्तियों का अंतरण, लोन इत्यादि दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण रूप से डिजिटली ही किया जा सकेगा। साथ ही सम्पत्ति की पहचान कस्टोडियम डिपार्टमेंट से की जायेगी। पंजीयकों की पहचान ई-केवाईसी के माध्यम से पूर्ण की

जायेगी। इसमें घर बैठे पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग की सुविधा भी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के बाद इसे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री-विक्रमोत्सव-2025

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उज्जैन के साथ पूरे प्रदेश में विक्रम पर्व "सृष्टि आरम्भ दिवस" के रूप में मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में होने वाले विक्रमोत्सव-2025 और अखिल भारतीय कालिदास समारोह को भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय में विक्रमोत्सव-2025, अखिल भारतीय कालिदास समारोह और वीर भारत न्यास द्वारा निर्मित किए जा रहे संग्रहालय की समीक्षा की।

## उद्योग मित्र योजना

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश में "उद्योग मित्र योजना-2024" लागू की गई है। उच्चदाब एवं निम्नदाब श्रेणी के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये स्थायी रूप से विच्छेदित कनेक्शनों को पुन: जोड़नेऔर के लिए यह योजना लागू की जा रही है। साथ ही बकाया राशि के भुगतान में राहत तथा नवीन औद्योगिक एवं वाणिज्यिक आवेदकों को आवश्यक अधोसंरचना निर्माण की लागत के भुगतान में राहत देने के लिये यह योजना 2 वर्षों के लिये प्रभावशील रहेगी।

## रतन टाटा

उद्योगपति रतन टाटा का मुंबई के वर्ली शमशान घाट पर आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में उद्योगपति, जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल है। इससे पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके अंतिम दर्शन किये और श्रद्धांजलि

दी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. डॉक्टर मोहन यादव ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## शक्ति अभिनंदन

अशोकनगर में आज शक्ति अभिनंदन अभियान के अंतर्गत साइबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर स्कूल में विद्यार्थियों व आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। खण्डवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 से 11 अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान के अंतर्गत शहर की महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में बालिकाओं को साइबर सिक्योरिटी व सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर प्रशिक्षण दिया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण द्वारा शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में "शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम" आयोजित किया गया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

शिवपुरी जिले में आज से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। इस मौके पर जिला चिकित्सालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शिविर के माध्यम से मरीजों का उपचार किया और उन्हें परामर्श उपलब्ध कराया। मनोरोग विशेषज्ञ और नोडल अधिकारी डॉ योगेंद्र रघुवंशी ने बताया कि

बाइट- डॉ योगेंद्र रघुवंशी नोडल अधिकारी

*मानसिक रोगियों के लिए शुरू किए गए 14416 पर कॉल करके निशुल्क सहायता भी ली जा सकती है। इस पर कॉल का निशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। इस शिविर में शिवपुरी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर अपनी पेंटिंग्स बनाई गई। इन छात्राओं ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की जानकारियां प्रदान की। छात्राओं ने बताया कि इन पेटिंग्स के माध्यम से प्रयास किया गया कि इनसे लोग जागरुक हो सकें।*

नाबार्ड-सर्वेक्षण

2016-17 से 2021-22 के दौरान ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय 57 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दूसरे अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण के अनुसार औसत मासिक आय 2016-17 में 8,059 रुपये से बढ़कर 2021-22 में 12,698 रुपये हो गई। परिवारों का औसत मासिक खर्च भी 6,600 रुपये से बढ़कर 11,200 रुपये से अधिक हो गया।

सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय बचत में भी वृद्धि हुई। इस दौरान औसत घरेलू बचत लगभग 9,100 रुपये से बढ़कर 13,200 रुपये से अधिक हो गई। 2021-22 में लगभग 66 प्रतिशत परिवारों ने बचत की सूचना दी जो 2016-17 में 50 दशमलव छह प्रतिशत से अधिक है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नीमच ज़िले में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आत्मा योजनांर्तगत खरीफ की प्रगति तथा आगामी रबी हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई।
- विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम अंतर्गत आगरमालवा जिले के ग्राम् खेरिया स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय के बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- देवास मे जल संचय के लिए जिले में अमृत संचय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा जिले के सभी विकासखंडों में विभिन्न जल स्रोतों पर जन सहयोग से बोरी बंधान का निर्माण किया जा रहा है।
- प्रदेश में नवरात्र का पर्व का उत्साह चरम पर है। देवी मंदिरों में देर रात तक भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं गरबा पांडालों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री ने लाओस में भारत–आशियान सम्मेलन को किया संबोधित।
- संपदा–2.0 के ई–पंजीयन एवं ई–स्टॉम्पिंग का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में गुड़ी पड़वा का पर्व सृष्टि आरंभ दिवस के रूप में मनाया जायेगा।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रदेश में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।

....................